APP-A
Crim-1

18/01/18

# फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत......उप खण्ड अधिकारी बाड़मेर......मुकाम..................

.................. तहसीलदार बाडमेर .........बनाम......... मोहनलाल वगैराह ............

किस्म मुकदमा रास्तों का निराकरण नं. .......05....... सन् 2018

| तरीखहुकम | हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्वर व तारीखअहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए |
|---|---|---|
| 18/01/18 | राज्य सरकार के राजस्व (ग्रुप–6) के परिपत्र दिनांक 10.08.2016 की पालना में सार्वजनिक रास्ता राजकीय भूमि/निजी खातेदारी की भूमि में मौके पर स्थाई रूप में चालू (कदीमी) परन्तु राजस्व अभिलेख में किसी रूप में दर्ज नही है को राजस्व अभिलेख में दर्ज करने हेतु तहसीलदार बाडमेर के पत्रांक राज/17/253 दिनांक 15.01.2018 द्वारा मौजा मेवानगर में निम्नानुसार भूमि में स्थाई रास्ते के रूप में खातेदार के खाते में राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु प्राप्त हुआ है :– | |

| क्र. सं. | नाम खातेदार | ख.नं. | कुल रकबा (बीघा में) | रास्तें की लम्बाई–चौड़ाई (फीट में) | रास्तें में प्रभावित रकबा (बीघा में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मोहनलाल कैलाश पिसरान लूणाराम रेमती पत्नी लूणाराम 1/3 हि. बालमाराम रेशमाराम पिसरान भलू 2/3 हि. कौम भाम्भी सा. देह खातेदार | 1119 | 2.03 | 275 X 20 | 0.06 |
| 2 | भंवराराम पुरखाराम उदाराम पिसरान पूनमाराम हुरमीदेवी पत्नी पूनमाराम कौम भाम्भी सा. देह खातेदार रहन अनुसार उदाराम व हुरमीदेवी का हि. आरएमजीबी शाखा महाबार | 2154/1121 | 5.08 | 430 X 20 | 0.10 |
| 3 | भूराराम पुत्र पेमाराम किरपाराम द्वारकाराम गोरधनराम गंगाराम पिसरान राजू फफू पत्नी राजू लीला शंकरा थाना पिसरान बींजा खीमाराम बाबुलाल लालाराम रेवन्ताराम पिसरान चेला | 1125 | 14.07 | 264 X 20 | 0.06 |

न्यायालय उप खण्ड अधिकारी बाड़मेर

उप खण्ड अधिकारी
बाड़मेर

Scanned by CamScanner

हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स ...

तारीखहुकम

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | मु. ढेली पत्नी चेला कौम मेगवाल सा. देह खातेदार | | | | | |
| 4 | छगनी पत्नी बनाराम गड्डूकाराम आसूराम वीरमाराम पिसरान पांचा कौम भाम्भी सा. देह खातेदार रहन छगनीदेवी पत्नी बनाराम आसूराम वीरमाराम पिसरान पांचाराम का हि. टीएजीबी शाखा महाबार | 2150/1116 | 12.00 | 330 X 20 | 0.08 | |

प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया गया। पत्रावली पेश हुई। पैरोकार सरकार उपस्थित। पैरोकार सरकार द्वारा आवेदन में अंकित तथ्यों को दौहराते हुए निवेदन किया कि आवेदन में अंकित खसरान में ग्राम मेवानगर में स्थाई रास्ता जो महाबार पीथल सड़क से मेवाणियों मेगवालों की ढाणी तक जा रहा है, जिसकी लम्बाई 0.396 कि.मी. है, जो संलग्न नक्शे में बरंग लाल दशाई गई है। उक्त रास्ता बारामासी है। लिहाजा राजस्व रेकर्ड में सम्बन्धित पक्षकारान के खाते में गै.मु. रास्ता के रूप में अंकन करावें।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। पत्रावली के संलग्न दस्तावेजात का भी अवलोकन किया। आवेदन के संलग्न खातेदारान की ओर से एक ईकरारनामा इस आशय का निस्पादित किया गया है कि खसरा संख्या 2151/1116 में श्री आईमाता जी की वडेर, धार्मिक आस्था का सार्वजनिक स्थान आया हुआ है, जिसमे पूजा अर्चना हेतु श्रद्धालुओं का आना-जाना रहता है। उक्त स्थल हेतु रास्ता सम्बन्धित खातेदारों के खेत से होकर गुजरता है। उक्त रास्ते पर सड़क का निर्माण करवाया जाता है तो उन्हे कोई आपति नही है। भविष्य में उनकी खातेदारी के खेत से गुजरने वाले मार्ग पर सड़क का निर्माण होता है तो वे किसी प्रकार का मुआवजा की मांग नही करेंगे। खातेदारान की पहचान ईकरारनामा में श्री आम्बाराम बोसिया सहायक प्रशासनिक अधिकारी जिला कार्यालय बाडमेर द्वारा की गई है। प्रकट तथ्यों एवं पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि आवेदन में अंकित खसरान की भूमि में रास्ता बना हुआ है, परन्तु राजस्व अभिलेख में दर्ज नही है, जिसे राजस्व अभिलेख में सम्बन्धित के खाते में दर्ज किया जाना उचित प्रतीत होता है।

उप खण्ड अधिकारी
बाड़मेर

Scanned by CamScanner

| हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीखअहकाम जो इस हुकम की तामील मे जारी हुए |
|---|---|

अतः तहसीलदार बाडमेर द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार बाडमेर मौजा मेवानगर की निम्नानुसार भूमि स्थाई रास्ते के रूप में जो संलग्न नक्शा में लाल रंग से दर्शाई गई है को सम्बन्धित खातेदार के खाते में राजस्व अभिलेख में गैर मुमकिन रास्ते के रूप में दर्ज कर नक्शा में तरमीम करावेः–

| क्र. सं. | नाम खातेदार | ख.नं. | कुल रकबा (बीघा में) | रास्तें की लम्बाई–चौड़ाई (फीट में) | रास्तें में प्रभावित रकबा (बीघा में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | मोहनलाल कैलाश पिसरान लूणाराम रेमती पत्नी लूणाराम 1/3 हि. बालमाराम रेशमाराम पिसरान भलू 2/3 हि. कौम भाम्भी सा. देह खातेदार | 1119 | 2.03 | 275 X 20 | 0.06 |
| 2 | भंवराराम पुरखाराम उदाराम पिसरान पूनमाराम हुरमीदेवी पत्नी पूनमाराम कौम भाम्भी सा. देह खातेदार रहन अनुसार उदाराम व हुरमीदेवी का हि. आरएमजीबी शाखा महाबार | 2154/1121 | 5.08 | 430 X 20 | 0.10 |
| 3 | भूराराम पुत्र पेमाराम किरपाराम द्वारकाराम गोरधनराम गंगाराम पिसरान राजू फफू पत्नी राजू लीला शंकरा थाना पिसरान बींजा खीमाराम बाबुलाल लालाराम रेवन्ताराम पिसरान चेला मु. ढेली पत्नी चेला कौम मेगवाल सा. देह खातेदार | 1125 | 14.07 | 264 X 20 | 0.06 |
| 4 | छगनी पत्नी बनाराम गडूकाराम आसूराम वीरमाराम पिसरान पांचा कौम भाम्भी सा. देह खातेदार रहन छगनीदेवी पत्नी बनाराम आसूराम वीरमाराम पिसरान पांचाराम का हि. टीएजीबी शाखा महाबार | 2150/1116 | 12.00 | 330 X 20 | 0.08 |

नक्शा आदेश का अभिन्न अंग रहेगा। आदेश सरे इजलास सुनाया गया। पत्रावली सुमार फैसल होकर दाखिल दफ्तर हो।

उपखण्ड अधिकारी
बाड़मेर

उप खण्ड अधिकारी बाड़मेर

18/1/18

Scanned by CamScanner